दिनांकः 02.10.2024 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से स्वच्छता को जीवन में अपनाने का आग्रह किया–9 हजार 600 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न स्वच्छता परियोजनाओं का उद्‌घाटन किया।
- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया–स्वच्छता ही सेवा पखवाडे का आज हुआ समापन।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रदेश के 20 हजार 721 चयनित विमुक्त, घुमंतू और अर्द्ध घुमंतू परिवारों को आवासीय पट्‌टे वितरित किये।
- नौ दिन तक चलने वाले उपासना के पर्व शारदीय नवरात्र की शुरूआत कल से।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि स्वच्छता की प्रतिबद्धता जीवनभर की प्रतिज्ञा है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे स्वच्छता को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का प्रण लें। स्वच्छ भारत मिशन के 10 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आज नई दिल्ली में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने स्वच्छता को जन आंदोलन बनाने के लिए 140 करोड़ भारतीयों की अटूट भावना को नमन किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि सेवा पखवाड़ा के केवल 15 दिनों में देश में 27 लाख से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें 28 करोड़ से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि यह दिन हमें महात्मा गांधी और देश की अन्य महान हस्तियों के सपनों के भारत को सच्चाई में बदलने के लिए प्रेरित करता है।

.....................

प्रधानमंत्री ने स्वच्छता से जुड़ी 9 हजार 6 सौ करोड़ रुपये से ज्यादा की विभिन्न परियोजनाओं की शुरुआत की। इन परियोजनाओं में अमृत और अमृत 2, स्वच्छ गंगा के लिए राष्ट्रीय मिशन और गोबरधन योजना के तहत 15 संपीड़ित बायोगैस संयंत्र परियोजनाएं शामिल हैं। इस कार्यक्रम से मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा भी जयपुर से वीसी के माध्यम से जुड़े। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अथक प्रयासों से स्वच्छता अब जनसेवा तथा जन आंदोलन बन चुकी है तथा स्वच्छ भारत की बुनियाद पर बढ़ते हुए विकसित भारत–विकसित राजस्थान का विजन साकार किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि आज हुए लोकार्पण कार्यों में अमृत योजना के तहत राजस्थान के चूरू और अजमेर में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्मित किए गए हैं।

000

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर आज उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रदेशभर में सर्वधर्म प्रार्थना सभाएं आयोजित की गई। राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर में जवाहर लाल नेहरू मार्ग स्थित गांधी सर्किल पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इससे पहले, राज्यपाल ने राजभवन में महात्मा गांधी और शास्त्री जी को माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने शासन सचिवालय में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। पूर्व मुख्यमंत्री

अशोक गहलोत ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को नमन करते हुए उन्हें श्रद्धाजंलि दी। गांधी जयंती के अवसर पर आज से जयपुर के सेन्ट्रल पार्क में स्थित गांधी दर्शन म्युजियम की शुरूआत हो गई। पर्यटन कला और संस्कृति विभाग के शासन सचिव रवि जैन ने बताया कि पहले दिन आज एक हजार से अधिक विद्यार्थियों ने गांधी वाटिका को देखा और उनकी जीवन यात्रा को जाना। उन्होंने कहा कि गांधी वाटिका जयपुर में एक नये पर्यटन केन्द्र के रूप में उभरेगी। झुन्झुनू में गांधी पार्क में जिला प्रशासन, स्काउट गाइड और विभिन्न संस्थाओं की ओर से सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। वहीं डीग में गांधी जयंती और शास्त्री जी के जन्म दिन के अवसर पर किशन लाल जोशी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में श्रद्धाजंलि सभा आयोजित की गई। वहीं बापू के जीवन से जुड़े प्रसंगों को लेकर प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। ब्यावर में चांग गेट स्थित बापू की प्रतिमा पर जिला प्रशासन से जुड़े अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और आमजन ने पुष्पाजंलि अर्पित की और इस अवसर पर मौजूद लोगों ने ब्यावर को स्वच्छ बनाये रखने का संकल्प लिया। टोंक जिले में भी विभिन्न स्थानों पर प्रार्थना सभा और श्रद्धाजंलि सभाओं का आयोजन हुआ। शाहपुरा में गांधी जयंती स्वच्छ भारत दिवस के रूप में मनाई गई। बाड़मेर में अहिंसा चौराहे पर जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रार्थना सभा के आयोजन के बाद मौजूद लोगों ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धासुमन अर्पित किये।

000

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा आज सम्पन्न हुआ। राज्य स्तरीय समापन समारोह जयपुर के इंदिरा गांधी पंचायतीराज संस्थान में आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने पखवाड़े के दौरान श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले नगर निकायों को सम्मानित किया। इनमें जयपुर ग्रेटर नगर निगम पहले स्थान पर रहा। अजमेर नगर निगम दूसरे और जोधपुर दक्षिण नगर निगम ने तीसरा स्थान हासिल किया। नगर परिषद की श्रेणी में चित्तौड़गढ़ पहले और जैसलमेर दूसरे पायदान पर रहे। समारोह में जयपुर स्वच्छता फिल्म भी रिलीज की गई। फिल्म में शहर की स्वच्छता यात्रा को दर्शाया गया है। इसके साथ ही व्यापारियों, आमजन और स्वच्छता योद्धाओं के संदेशों के माध्यम से साफ–सफाई के महत्व को बताया गया है। डूंगरपुर में स्वच्छता पखवाड़े के समापन के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले 45 सफाई कर्मियों को सम्मानित किया गया। वहीं स्वच्छता ही सेवा अभियान के समापन पर जिले के आसपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ।

..................

देश में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए किये गये पंजीकरणों की संख्या सितम्बर में एक लाख 59 हजार यूनिट तक पहुंच गई। यह पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में एक लाख 29 हजार यूनिट अधिक है। इलेक्ट्रिक वाहनों के पंजीकरणों की संख्या में साल दर साल 23 प्रतिशत की महत्वपूर्ण वृद्धि देखी गई है। मौजूदा वित्त वर्ष की पहली छमाही में इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या में पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सभी श्रेणियों में कुल पंजीकरणों की संख्या बढ़कर आठ लाख 93 हजार यूनिट हो गई जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह सात लाख 45 हजार यूनिट थी। इस बीच सरकार ने कल दो साल की अवधि के लिए दस हजार नौ सौ करोड रुपये की लागत से पीएम ई–ड्राइव योजना की शुरूआत की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 11 सितम्बर को इस योजना का अनुमोदन किया था। पीएम ई–ड्राइव योजना देशभर में इलेक्ट्रिक वाहन अपनाने में तेजी लाने और चार्जिंग के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के निर्माण में केंद्रीय भूमिका निभाएगी, जो स्वच्छ और अधिक टिकाऊ भविष्य में योगदान देगी।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में विमुक्त, घुमंतू और अर्द्ध घुमंतू परिवारों को आवासीय पट्टे सौंपे। दुर्गापुरा स्थित कृषि अनुसंधान संस्थान में आयोजित कार्यक्रम के पहले चरण में 20 हजार 721 चयनित परिवारों को पट्टे दिये गये। इस दौरान जिला स्तर पर भी पट्टा वितरण कार्यक्रम रखे गए । राज्य स्तरीय समारोह का सभी जिलों में होने वाले कार्यक्रमों में सजीव प्रसारण किया गया। मुख्यमंत्री ने चयनित 10 जिलों के लाभार्थियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संवाद भी किया। टोंक जिले की उनियारा पंचायत समिति में उर्जा मंत्री हीरा लाल नागर ने लाभार्थियों को आवासीय पट्टे वितरित किये। वहीं करौली में घुमंतू, गाडिया लोहार और अन्य विमुक्त समाज के लोगों को पट्टे दिये गये। शाहपुरा जिला मुख्यालय पर आयोजित हुए कार्यक्रम के दौरान जिला कलेक्टर राजेन्द्र सिंह शेखावत ने ज़िले के 482 भूखण्डहीन परिवारों को पट्टे वितरित किये। सवाईमाधोपुर, झालावाड और कोटा में भी विमुक्त, घुमन्तु और अर्द्धघुमन्तु परिवारों को आवासीय पट्टे वितरित किये गये। बारां में 690, फलौदी में 136, भीलवाडा में 913, जालौर में 553, जैसलमेर में 260, केकड़ी में 120 से अधिक पट्टों का वितरण किया गया। वहीं सिरोही में जिला स्तरीय कार्यक्रम में 1400 से अधिक लाभार्थियों को आवासीय पट्टे दिये गये।

000

नौ दिन तक चलने वाले उपासना के पर्व शारदीय नवरात्र की शुरूआत कल से होगी। नवरात्रा स्थापना को लेकर राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। नवरात्रा पर्व को लेकर प्रदेश के विभिन्न जिलों में तैयारियां जोरो पर हैं। पाली में दुर्गा माता की मिट्टी की मूर्तियों के प्रति आमजन में विशेष उत्साह है। मूर्तियों को कारीगरो द्वारा अंतिम रूप दिया जा रहा है साथ ही 150 से अधिक स्थानों पर मंदिरो और गरबा पंडालो को फूलों और आकर्षक लाइटो से विशेष श्रृंगार किया जा रहा है।

000

कोटा का प्रसिद्ध राष्ट्रीय दशहरा मेला कल से शुरू होगा। 28 अक्टूबर तक चलने वाले इस मेले में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जायेंगी। इस मेले को देखने देश के विभिन्न स्थानों से लोग बडी संख्या में आते हैं।

000

झुंझुनूं जिलेवासियों को आज माता वैष्णों देवी जाने के लिए स्पेशल ट्रेन की सौगात मिली है। पहली बार स्पेशल ट्रेन के झुंझुनूं पहुंचने पर लोगों में उत्साह नजर आया। इस अवसर पर लोगों ने लोको पायलट का माला पहनाकर स्वागत किया। इस ट्रेन के संचालन से झुंझुनूं से माता वैष्णों देवी जाने वाले श्रद्धालुओं की राह आसान होगी। गौरतलब है कि उदयपुर से माता वैष्णो देवी कटरा के लिए आज से 13 नवम्बर तक स्पेशल ट्रेन का संचालन झुंझुनूं होते हुए किया गया है।

000